भारत सरकार
गृह मंत्रालय
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 61.
दिनांक 02.02.2021/ 13 माघ, 1942 (शक) को उत्तर के लिए

भीमा कोरेगांव मामला

†61. श्री बैन्नी बेहननः

क्या गृह मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) भीम कोरेगांव मामले में अब तक कितने लोग गिरफ्तार हुए हैं, एवं कितने लोगों के विरुद्ध जांच की जा रही है या उन पर विचारण किया गया है;

(ख) उक्त मामले की क्या स्थिति है; और

(ग) क्या गिरफ्तार किए गए व्यक्तियों में से किसी व्यक्ति को प्राणांतक बीमारी के कारण अस्पताल में भर्ती किया गया है तथा यदि हां, तो सरकार द्वारा इस संबंध में क्या कार्रवाई की गई है?
उत्तर

गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री जी किशन रेड्डी)

(क) और (ख): राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने भीमा कोरेगांव मामले में अब तक 16 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। एनआईए ने सक्षम न्यायालय में अब तक 21 अभियुक्तों के विरूद्ध आरोप पत्र दाखिल किया है।

(ग): इन अभियुक्तों में से एक अर्थात वरावरा राव को "नानावती सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल", मुम्बई में भर्ती कराया गया है।

******